हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 17 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 32.3 डिग्री
न्यूनतम 15.2 डिग्री

12 नकारात्मक विचार वातावरण को बनाते हैं दुखदायी : शैली




12 28वें गुरमत समागम की तैयारियों को लेकर मंथन



## खबर संक्षेप

### लिफ्ट मांगकर बुजुर्ग के साथ लूटपाट की

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद में लिफ्ट मांगकर बुजुर्ग के साथ लूटपाट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में देसराज ने बताया कि वह 45 वर्षो से बैटरी रिपेयर आदि का कार्य करता है। वह गांव मोहडी से बैटरी किसी किसान को देकर जैसे ही वापस चला तो समय रात्रि करीब 7.30 बजे नौ गजा पीर पहुचा तो वहां पर दो लड़की व एक लड़का खड़ा था। उन्होंने शाहबाद के लिए लिफ्ट मांगी। मारकंडा पुल पार करते ही इन लोगों द्वारा मुझे गाड़ी रोकने के लिए कहा गया और जैसे ही मैने गाड़ी धीमी की तो इन लोगों ने मेरे साथ हाथापाई की व मेरी जेब से मोबाईल फोन व करीब चार हजार रु छीन लिए व मेरी गाड़ी की चाबी निकालकर मौके से फरार हो गए।

### राजकीय स्कूलों में बाल वाटिका परीक्षा आज से

**पानीपत।** राजकीय स्कूलों में बाल वाटिका से लेकर कक्षा 5वीं तक की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो रही हैं। इन कक्षाओं के करीब 46 हजार विद्यार्थी परीक्षा देंगे। बाल वाटिका से कक्षा तीसरी तक की परीक्षा निपुण दक्षताओं पर आधारित होगी और कक्षा चौथी व पांचवीं की परीक्षा एससीईआरटी द्वारा बनाए गए प्रश्न पत्रों पर आधारित होगी। लिखित परीक्षाओं का समय सुबह 9 बजे से 11 बजे तक होगा। जिन स्कूलों में ये कक्षाएं दोपहर की शिफ्ट में लगती है उनमें दोपहर 1 बजे से तीन बजे तक ये परीक्षा होगी।

### देसी पिस्तौल सहित युवक को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने असला सप्लायर रवि पुत्र बालमुकुंद निवासी गांव नारायणा जिला पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि प्रभारी संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया रवि पर वर्ष 2018 में यूपी के अमेठी जिला के पीपरपुर थाना में हत्या का केस दर्ज है। वहीं रवि ने एक देसी पिस्तौल कटवाड़ा रोहतक निवासी अपने दोस्त सोमबीर पुत्र रामपाल को 45 हजार में बेच दिया था। वहीं सोमबीर को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

### शराब पीकर हुड़दंग करते तीन गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना सेक्टर 13/17 पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुडदंग कर रहे मयंक पुत्र मैनपाल निवासी गांव भैंसवाल, मंजीत पुत्र रामेश्वर व अरविंद पुत्र राकेश निवासी गांव गढसरनाई जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। तीनों पर थाना सेक्टर 13/17 में बीएनएस की धारा 194(2) के तहत केस दर्ज किया गया है।

### महिला को सम्मोहित कर सोने का लॉकेट लूटा

**पानीपत।** पानीपत की देशराज कॉलोनी में घर में घुसकर एक युवक ने आसमा पत्नी मुनव्वर को बातों में उलझा लिया और उसे मदहोश कर दिया। युवक, आसमा का सोने का लॉकेट लेकर फरार हो गया। जब आसमा की मदहोशी टूटी, तो उसने अपने पति को आपबीती बताई। इधर, पुलिस ने मुनव्वर की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं लॉकेट की कीमत करीब चालीस हजार रूपये है।

### आरएमपी डॉक्टर के क्लीनिक पर फायर

**यमुनानगर।** गांव मिल्क सुखी में बदमाशों ने रात को आरएमपी डॉक्टर के क्लीनिक पर तीन राउंड फायर किए। रात को क्लीनिक बंद था। सुबह जब डॉक्टर क्लीनिक पर पहुंचा तो उसे शटर पर गोली लगने के तीन निशान मिले। गांव नगला जागीर निवासी रोहित कुमार ने बताया कि वह आरएमपी डॉक्टर है। 13 मार्च की रात करीब आठ बजे वह क्लीनिक को बंद कर घर चला गया था। शनिवार सुबह जब वह क्लीनिक पर पहुंचा तो शटर में तीन छेद नजर आए।

---

कृषि मंत्री ने रादौर के नवनिर्वाचित नपा चेयरमैन व पार्षदों को दिया पूरा सहयोग करने का आश्वासन

# प्रदेश को नंबर वन बनाना सरकार का लक्ष्य : राणा

## नपा के चेयरमैन और पार्षदों के लिए अभिनंदन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रजनीश मेहता और पार्षदों को सम्मानित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

अभिनंदन समारोह के दौरान उन्होंने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों ने भी मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और आश्वासन दिया कि वे आपसी सहयोग से शहर के विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे।

- पार्षदों ने शहर के विकास में कोई कमी नहीं आने देने का आश्वासन दिया

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने नवनिर्वाचित भाजपा के नपा चेयरमैन और पार्षदों की जीत के लिए रादौर की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नगरपालिका चुनावों में जनता ने विकास को चुना है। भाजपा की ट्रिपल इंजन की (केंद्र, राज्य व स्थानीय निकाय) की सरकार रादौर के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। कस्बा में विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों की जीत असल में जनता की जीत है। जनता ने जिन उम्मीदों के साथ उन्हें चुना है, वे हर हाल में उन उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जो लक्ष्य तय किए गए हैं वे विपक्षी दलों के शासन में कभी पूरे नहीं हुए। हमारा उद्देश्य हरियाणा को देश का अग्रणी राज्य बनाना है।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भाजपा एक संगठित पार्टी है और जनता का हित हमेशा उसकी प्राथमिकता रही है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर अन्य राज्यों की सरकारें भी इन योजनाओं को अपना रही हैं। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सतपाल कांबोज आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** रादौर में नवनिर्वाचित नपा चेयरमैन व पार्षदों को फूलमालाएं पहनाकर स्वागत करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

### समान रूप से विकास

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन सहित सभी क्षेत्रों में समान रूप से विकास कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रादौर हल्के की जनता को बिजली, पानीए,सड़क, पक्के रास्ते, गालियां और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। तीसरी बार हरियाणा में भाजपा सरकार भारी बहुमत से बनी है।

## भारत दुनिया का सबसे आध्यात्मिक देश

- प्रभु मिलन धाम शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कृषि मंत्री ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे आध्यात्मिक देश है। भारत संतों व फकीरों का देश है। हमारे संतों व ऋषि मुनियों ने हमें जीवन जीने की पद्धति के रास्ते दिखाए हैं। दुनिया के सभी देशों में संत महात्मा हैं परन्तु जब भारतीय संस्कृति की बात आती है तो सभी देश सोचने को मजबूर हो जाते हैं।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रभु मिलन धाम शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर कृषि मंत्री ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी व हरियाणा सरकार की तरफ से संस्था को 21 लाख रुपये की राशि देने की भी घोषणा की। कार्यक्रम में कृषि मंत्री का पुष्प गुच्छ देकर व पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया और उन्हें शॉल व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे संगतों में आकर व ऐसे संस्कारों से जुडक़र हमारा जीवन धन्य हो जाता है।



### किसानों को आज बजट में मिलेगी बड़ी खुशी

पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में कृषि मंत्री ने कहा कि कल हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा बजट पेश किया जाएगा। बजट के पढ़े जाने पर हरियाणा के किसानों को बड़ी खुशी होगी। ओलावृष्टि से पीड़ित किसान क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराएं, उन सभी की मदद की जाएगी। मत्स्य पालन का क्षेत्र दुनिया में सबसे बड़ा है। आने वाले समय में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में इस क्षेत्र में कई कार्य किए जाएंगे जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता, संस्था संचालिका बीके किरण, सुभाष बंसल, सुशील, विजय, अशोक मेहता, डॉ. नरेश, आदि मौजूद रहे।

---

# होली पर रंग लगाने के बहाने युवती के साथ दुष्कर्म करने का किया प्रयास

- युवती के विरोध करने पर आरोपी युवक ने अपने भाई व पिता के साथ मिलकर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बूडिया थाना क्षेत्र के एक गांव में होली पर रंग लगाने के बहाने एक युवक ने युवकी के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया।

युवती के विरोध करने पर आरोपी युवक ने अपने भाई व पिता के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। हमले में युवती का पिता घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

बूडिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह होली पर्व पर शाम सात बजे अपनी रसोई में खाना बना रही थी। इस दौरान उनके गांव का ही विक्रांत उनके घर में घुस गया। आरोपी ने रसोई में आकर रंग लगाने के बहाने से उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जब उसने शोर मचाया तो आरोपी वहां से भाग गया।

### हमले में पिता घायल

आरोपी अपने साथ अपने भाई विशाल व पिता सुखबीर को लेकर आया। आरोपियों ने आते ही उनके घर हमला बोल दिया। उसके पिता के सिर में ईंट लगने से वह घायल हो गया। इसके बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसने अपने पिता को अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

अंबाला के गांव धुराला में किशोरी की मौत मामले में नया मोड़

# पुलिस ने कब्र से निकलवाया शव, युवक पर केस

- परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना दफना दिया था शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव धुराला में हुई किशोरी की मौत के मामले में नया मोड़ आया है। पुलिस ने किशोरी के दादा की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।

इससे पहले पुलिस ने किशोरी के दफनाए गए शव को कब्र से बाहर निकलवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया। किशोरी की बहन ने अपने दादा को आत्महत्या का असली सच बताया था। इसके बाद दादा ने पुलिस को शिकायत देकर एक युवक को मौत का जिम्मेदार ठहराया। छोटा खान ने बताया कि उसके लडक़े सलीम खान और पुत्रवधू की मौत हो चुकी है। 14 मार्च को दोपहर में उसकी पोती रजिया ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी।



**बराड़ा।** पोस्टमार्टम के बाद के शव को दफनाते हुए परिजन।

### पोती ने खोला राज

उन्होंने गांव के मौजिज व्यक्तियों और रिश्तेदारों के साथ मिलकर गांव के ही कब्रिस्तान में दफना दिया था। 15 मार्च को पुलिस ने गांव में आकर रजिया की कब्र को खुदवाकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए ले गए थे। उनकी दूसरी पोती रूकसाना ने मुझे बताया कि बहन रजिया इंस्टाग्राम पर राहुल कश्यप की आईडी पर किसी गुरप्रीत नाम के लडक़े से बातचीत करती थी। उसने फांसी लेने से पहले अपनी मौत का जिम्मेवार गुरप्रीत को बताया है। इसकी रिकॉर्डिंग रजिया के मोबाइल फोन में इंस्टाग्राम पर है।

---

### सडक हादसों में दे युवकों की मौत

**इसराना।** थाना इसराना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। इनमें एक युवक जहां रोड किनारे बेहोशी की हालत में मिला था। वहीं दूसरी तरफ एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। पहली घटना में जन सेवा दल के सदस्य सतपाल सिंह को 15 मार्च को सुबह 8 बजे गांव डाहर के पास एक युवक बेहोशी की हालत में मिला। युवक को गंभीर चोटें आई थीं। सतपाल सिंह ने तुरंत युवक को अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे पीजीआई खानपुर रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में गीता कॉलोनी नूरवाला पानीपत का रहने वाला 22 वर्षीय राहुल 14 मार्च को सोनीपत के गांव पुगथला से पानीपत जा रहा था।

---

# 23 को सीएम आवास पर रोष प्रदर्शन करेंगे एनएचएम कर्मी

- 18 मार्च को सभी जिलों में उपायुक्तों के माध्यम से मुख्यमंत्री घेराव का ज्ञापन देंगे एनएचएम कर्मचारी : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा की प्रदेश स्तरीय बैठक जिला करनाल की ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में पूरे हरियाणा से सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, जिला मंत्री व प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

बैठक में 23 मार्च के मुख्यमंत्री आवास कुरुक्षेत्र घेराव के बारे में रणनीति बनाई गई। प्रदेश अध्यक्ष विपिन शर्मा ने कहा कि 23 मार्च को हजारों की संख्या में एनएचएम कर्मचारी मुख्यमंत्री आवास कुरुक्षेत्र में रोष प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों के बारे में सरकार को अवगत करवाएंगे। 18 मार्च को भारतीय मजदूर संघ की अगुवाही में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा के एनएचएम कर्मचारी सभी जिला में जिला उपायुक्तों के माध्यम से मुख्यमंत्री घेराव का ज्ञापन देंगे ।



प्रदेश महामंत्री जगत बिसला ने कहा कि 15 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कच्चे कर्मचारियों के लिए एक एक्ट की घोषणा की थी, जिससे प्रदेश के सभी कच्चे कर्मचारियों की सेवा सुरक्षित हो गई थी। इस एक्ट के कारण एनएचएम कर्मचारियों में भी अपने सुरक्षित भविष्य की एक उम्मीद जगी थी और एनएचएम कर्मचारियों ने बढ़ चढक़र भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपने मतों का उपयोग भी किया था। सरकार बनते ही मुख्यमंत्री व हरियाणा सरकार के उच्च अधिकारियों ने एनएचएम कर्मचारियों के मान-सम्मान के साथ खिलवाड़ करना शुरू कर दिया था। 26 जून 2024 को वित्त विभाग द्वारा एनएचएम कर्मचारियों के सेवन नियमों को फ्रीज करने के आदेश मिशन निदेशक को दिए गए थे जिसके अनुसार 2018 में भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिया गया सेवा नियम का लाभ एनएचएम कर्मचारियों से छीन लिया गया। जिसकी वजह से सभी एनएचएम कर्मचारियों में अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस करने लगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर करनाल जिला प्रधान संजीव कुमार, महासचिव गोपाल शर्मा, प्रेस सचिव सुरेश नरवाल, श्रीपाल सिंह, प्रमोद शर्मा, कृष्ण कुमार, सतीश कुमार, प्रदीप कुमार व विपिन पुनिया आदि मौजूद रहे।

---

## खुलासा : राजबाला की हत्या कर शव नहर में फेंका था

**पानीपत।** पानीपत में होली के दिन बिंझौल के पास दिल्ली पेरलल नहर में मिले महिला के शव की शिनाख्त 55 वर्षीय राजबाला निवासी गांव कमालपुरा रोडाना जिला करनाल के रूप में हुई।

वहीं राजबाला का पति महेंद्र सिंह भी लापता है। महेंद्र के भाई जरनैल सिंह ने इंदी थाना पुलिस जिला करनाल ने शिकायत में बताया कि 15 मार्च को उनके पड़ोसी ने उन्हें बताया कि उनका भाई महेंद्र सिंह और भाभी बाला देवी कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। जब जरनैल सिंह ने खुद जाकर घर देखा, तो बाहर गेट पर ताला लगा हुआ था। उनके घर के भीतर खून के छींटे मिले थे। इधर, राजबाला का शव नहर से मिला। राजबाला की हत्या कर शव नहर में फैंका गया था। जबकि महेंद्र का भी कोई सुराग नहीं है। दूसर ओर, थाना इंद्र पुलिस, एफएसएल की टीम ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

- पति भी लापता, घर पर मिले खून के धब्बे
- भाई की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

---

श्रीअकाल तखत साहिब के सिंघ साहिब को पद से हटाने की निंदा

# शिरोमणि कमेटी ने उड़ाई मर्यादा की धज्जियां : भूपिंदर

- श्रीगुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज का प्रकाश होने से पहले ही दस्तार भेंट करना भी निंदनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह ने कहा कि श्रीअकाल तखत साहिब के सिंघ साहिब ज्ञानी रघुबीर सिंह को पद से हटा नए सिंघ साहिब की नियुक्ति कर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्रीअमृतसर ने मर्यादा की धज्जियां उड़ाई है।

यही नहीं, सिंघ साहिब नियुक्त कर श्रीगुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज का प्रकाश होने से पहले ही दस्तार भेंट करना भी निंदनीय है। वे गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी कुरुक्षेत्र में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के पूर्व स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना, तजिंदर सिंह मककड़, भजन सिंह सरपंच व अमर सिंह सरपंच मौजूद रहे। जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि शिरोमणि कमेटी ने कार्यकारिणी समिति की बैठक बुला कर श्रीअकाल तखत साहिब के सिंघ साहिब ज्ञानी रघुबीर सिंह को पद से हटा कर नए सिंघ साहिब की नियुक्त कर दी है। यह बिल्कुल मयार्दाओं के विपरित है। श्रीआनंदपुर साहिब में शिरोमणि कमेटी के पदाधिकारियों ने रात अढ़ाई बजे सिरोपा की रस्म को पूरा किया गया, जो बिल्कुल अनुचित है, क्योंकि उस समय श्रीगुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज का प्रकाश भी नहीं था। सिंघ साहिब ज्ञानी रघुबीर सिंह को पद से हटाने की प्रक्रिया अनुचित है। नए सिंघ साहब की नियुक्ति कौम से विचार विमर्श जरूरी है।



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध व पूर्व स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना।

### जत्थेबंदियों को नहीं बुलाया

उन्होंने कहा कि न तो निहंग जत्थेबंदियों को आमंत्रित किया गया और न ही संत महापुरुषों को और न ही तखत साहिबान के सिंघ साहिबान से विचार विमर्श किया गया। जिस तरह से श्रीअकाल तखत साहिब के सिंह साहिब ज्ञानी रघुबीर सिंह, तखत श्री दमदमा साहिब तलवंडी साबो के सिंघ साहिब ज्ञानी हरप्रीत सिंह को पदों से हटाया गया है, वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

---

# अफीम के पोधे उगाने का आरोपी गिरफ्तार

- मौके से 8 किलो 740 ग्राम वजनी अफीम के पौधे बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नशीला पदार्थ अफीम के पोधे उगाने के आरोपी सज्जन सिंह वासी सैनी डेरा गंगहेडी जिला कुरुक्षेत्र को काबू करके उसके कब्जा से 8 किलो 740 ग्राम वजनी अफीम के पौधे बरामद करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस टीम को सूचना मिली कि सज्जन सिंह वासी सैनी डेरा गंगहेडी ने अपने मकान के पास लहसुन की क्यारियों की आड़ में बिना परमिट के अफीम की फसल उगाई हुई है।

### पुलिस ने मौके पर की रेड

पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां पर लहसुन की क्यारियों में काफी संख्या में अफीम के पौधे खड़े पाए गए। मौका पर खड़े व्यक्ति ने अपना नाम सज्जन सिंह बताया।

पुलिस टीम द्वारा सज्जन सिंह वासी सैनी डेरा गंगहेडी के बाड़े से 8 किलो 740 ग्राम वजनी अफीम के पौधे बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ थाना इस्माईलाबाद में मामला दर्ज करके अपराध अन्वेषण शाखा-1 के उप निरीक्षक शरनजीत सिंह ने आरोपी धर्म सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### देशी कट्टा व जिंदा रौंद सहित युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** सीआईए वन पुलिस टीम ने दर्शन कॉलोनी जगाधरी से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी कट्टा व एक जिंदा रौंद बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सीआईए वन पुलिस टीम में तैनात ईएचसी विमल कुमार ने बताया कि देर शाम वह टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि दर्शन कॉलोनी जगाधरी के नजदीक एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से देशी कट्टा व जिंदा रौंद बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान दुर्गा गार्डन कॉलोनी निवासी अमित भोला उर्फ शुटर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### चोरी की तीन बाइकों सहित आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने बहरामपुर चौक के पास से एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बाइक चोरी की तीन वारदातों का खुलासा किया। पुलिस ने आरोपी से तीनों बाइकें बरामद कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।
जानकारी के अनुसार एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को देर शाम सूचना मिली थी कि एक युवक बहरामपुर चौक के पास संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी युवक बाइक चोरी करने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक अनिल, मुख्य सिपाही हरबिलास, रविंद्र, धर्मेंद्र व नरेश की टीम का गठन किया गया। टीम ने युवक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की तो आरोपी की पहचान गांव मुबारकपुर निवासी शुभम के नाम से हुई। आरोपी से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बाइक चोरी की तीन वारदातों को कबूल किया। चोरी की तीन बाइक बरामद कर ली।

### रंजिश के चलते घर में घुसकर हमला किया

**यमुनानगर।** गांव गाड़वाली में रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर परिवार के सदस्यों पर हमला कर घायल कर दिया। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दूसरे पक्ष के चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव गाड़वाली निवासी जगमाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही अशोक कुमार व उसके भाई राम कुमार के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था। जिसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। जगमाल ने बताया कि होली के दिन शाम को सात बजे वह अपने घर मौजूद था।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

**यमुनानगर।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। गांव खदरी निवासी मुस्ताक अहमद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही 28 वर्षीय आलिम बाइक पर किसी काम से जा रहा था। गांव के ही नजदीक कार ने आलिम की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में आलिम गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान आलिम की मौत हो गई। उधर, गांव निजामपुर निवासी डिंपल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव झंडा निवासी 32 वर्षीय श्याम लाल अपनी बाइक पर रात 10 बजे घर लौट रहा था। गांव असगरपुर के नजदीक पहुंचा तो तेज गति से आ रही कार ने श्याम लाल की बाइक को टक्कर मार दी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## चालान काटने वाले वाहनों पर लगाया दो लाख 88 हजार रुपये का जुर्माना

# खनन विभाग ने नियमों की अवहेलना करने वाले 27 वाहनों के काटे चालान

- जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा जिले में चलाए जा रहे अवैध खनन को रोकने के लिए चेकिंग अभियान के तहत वाहनों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत नियमों की अवहेलना करने वाले खनिज वाहन की जांच करते हुए टीम।

जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा जिले में अवैध खनन व नियमों की पालना नहीं करने वाले वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 1487 वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान 27 वाहनों के चालान कर 2 लाख 88 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि खनन एवं भूविज्ञान विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के निर्देशानुसार खनन विभाग यमुनानगर द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि चैकिंग अभियान के तहत एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 685 वाहनों की चेकिंग के दौरान आरटीए विभाग द्वारा 7 वाहनों का चालान कर 58 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 189 वाहनों की चेकिंग के दौरान 8 वाहनों का चालान कर 1 लाख 84 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 459 वाहनों की चेकिंग के दौरान 6 वाहनों का चालान कर 16 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

इसी प्रकार एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 154 वाहनों की चेकिंग के दौरान 6 वाहनों का चालान कर 29 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि जिला के सभी एसडीएम, पुलिस विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा निरंतर दिन रात चेकिंग की जा रही है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि यमुनानगर जिला से निकल रही यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई.रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला में दिन रात जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त टीमें जहां सड़कों पर बिना ई.रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर रही है। वहीं, नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है।


**यमुनानगर।** गांव खजूरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि।

## एक राष्ट एक चुनाव की देश को है आवश्यकता : नेपाल राणा

- उद्योग व्यापार मंडल ने किया खजूरी में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

उद्योग व्यापार मंडल की ओर से नाहरपुर मंडल खजूरी पैलेस में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश सह संयोजक मदन मोहन छाबड़ा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जबकि कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा वशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नाहरपुर आदेश राणा ने की।

कार्यक्रम में एक राष्ट एक चुनाव को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान वक्ताओं ने एक राष्ट एक चुनाव को लेकर अपने अपने विचार प्रकट किए। नेपाल राणा ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि प्रदेश सह संयोजक मदन मोहन छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश में पहले लोकसभा उसके बाद विधानसभा के चुनाव हुए, अब नगरपालिका के चुनाव संपन्न हुए हैं। जिस कारण जनता चुनावों से किनारा करने लगी है। इसके कारण पॉलिंग हर बार कम होती जा रही है। एक राष्ट एक चुनाव में केवल चुनाव के समय में तीन मशीनें ही लगानी होती हैं। 1952 से लेकर 1967 तक एक राष्ट एक चुनाव होते रहे हैं।

**ये रहे उपस्थित**
राजकुमार शर्मा, हरपाल कांबोज, अर्जुन पंडित, अशोक बंसल, पूर्व सरपंच गोपाल कांबोज, अग्निवीर, ओमबीर पाल, विशाल पांसरा, रशिद, इरशाद, गौरव बंसल, प्रताप राणा आदि मौजूद थे।

## राजकौर बनी इकाई प्रधान व शिमला चुनी गई मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की इकाई सचिव

- मिड डे मील वर्कर्स यूनियन का त्रिवार्षिक प्रतिनिधि इकाई सम्मेलन प्रतापनगर अनाज मंडी में हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** प्रतापनगर में आयोजित त्रिवार्षिक प्रतिनिधि इकाई सम्मेलन में चुनी गई कार्यकारिणी को गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू का त्रिवार्षिक प्रतिनिधि इकाई सम्मेलन प्रतापनगर अनाज मंडी में सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान राजकौर द्वारा की गई। इस दौरान ब्लॉक कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। मौके पर सीटू जिला सचिव शरबती ने नई इकाई कार्यकारिणी को गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

सम्मेलन में चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर उपस्थित सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव गुलशन भारद्वाज ने बताया कि राजकौर को इकाई प्रधान, शिमला को सचिव, नीलम कैशियर, रजनी उपप्रधान, रामकुमार कांबोज मुख्य सलाहकार व राजकुमारी, निर्मला, सुरेशो को इकाई कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया। इस दौरान सीटू जिला प्रधान रामकुमार कांबोज ने बताया कि सीटू राज्य कमेटी के आह्वान पर हरियाणा में पहली बार फरीदाबाद के सूरजकुंड में 23 से 26 मई तक जनरल काउंसिल बैठक का आयोजन होने जा रहा है।

इस बैठक में देश भर की सभी परियोजना वर्करों, ठेका मजदूरों व कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, न्यूनतम वेतन 26000 करने, लेबर कोड रद्द करने, निजीकरण व साम्प्रदायिकता पर रोक लगाने सहित अन्य मांगो को लागू करवाने के लिए आगामी आंदोलन का ऐलान किया जाएगा।

महासचिव शरबती ने बताया कि देश में करीबन 25 लाख व हरियाणा में सरकारी स्कूलों में करीबन 30 हजार मिड डे मील वर्कर्स कार्यरत हैं। वर्कर्स लंबे समय से अपनी मागों व समस्याओं को लेकर सरकार से अपील करते रहे व आंदोलनरत भी रहे लेकिन मागों व समस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ। केन्द्रीय बजट में भी मिड डे मील वर्करों के मानदेय में कोई बढ़ौतरी नहीं की गई। जिससे यूनियन सदस्यों में रोष है। इस अवसर पर निर्मला, ज्योति, बाला देवी, अमरजीत, माया, कुसुमलता, नूरजहां व बालकिशा आदि उपस्थित थे।

## शिविर में एकत्रित हुआ 41 यूनिट रक्त, 860 रोगियों की हुई जांच

- जीवनदीप संस्थान व लायंस क्लब दिल्ली सॉलिटेयर ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


**यमुनानगर।** जयसिटी जगाधरी में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

सामाजिक संस्था जीवनदीप संस्थान यमुनानगर व लायंस क्लब दिल्ली सॉलिटेयर के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को गुरुद्वारा सिंह सभा जय सिटी जगाधरी में रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी व लायन विनीत गोयल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए तथा दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया। मौके 41 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जबकि 860 रोगियों को निशुल्क जांच की गई। शिविर में डॉ. अपूर्व गर्ग, डॉ. हरमन कौर, डॉ. राज कौर, डॉ. के गुप्ता, डॉ. मनीष गोयल, डॉ. प्रियांशी, डॉ. निशा गाया, डॉ. रोहित शर्मा, डॉ. निशु सिंघल, डॉ. अंबिका, डॉ. रिचा आदि ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में मरीजों को निशुल्क दवाइयां, नजर के चश्मे, कान की सुनने की मशीन, छड़ी, बैसाखी, वाकर, व्हीलचेयर, सांस की बीमारियों की जांच, खून पेशाब की जांच, टीवी की जांच निशुल्क की गई। गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रबंधक व अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह व सरदार इंद्रपाल सिंह बिंद्रा ने लंगर की व्यवस्था संभाली।

संस्था के डॉ.अजय कुमार मिश्रा व लायन राकेश बंसल ने आए हुए मेहमानों को अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर रामचरित्र मानस देकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## ग्लोबल संस्थान के रोट्रैक्ट क्लब सदस्यों ने जरूरतमंदों को वितरित की खाद्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



**यमुनानगर।** के रादौर में जरूरतमंद बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित करते रोट्रैक्ट क्लब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

रोट्रैक्ट क्लब ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की ओर से रविवार को विश्व रोट्रैक्ट दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा जरूरतमंद बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। यह सराहनीय पहल रोट्रैक्ट के मूल उद्देश्य समाज सेवा, नेतृत्व विकास व सामाजिक सुधार को दर्शाती है।

संस्थान के प्राचार्य डॉ.अश्वनी कुमार ढींगरा ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की और उन्हें समाज के हित में ऐसे अच्छे कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ.स्मिता नरवाल ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और समाज सेवा को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। जीआरजीआई रोटरैक्ट क्लब के अध्यक्ष भव्य सैनी ने कहा कि क्लब समाज सेवा के प्रति समर्पित है और आगे भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। संस्थान के शिक्षकों और प्रबंधन ने इस नेक कार्य की प्रशंसा की, क्योंकि यह विद्यार्थियों में दया व सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल जरूरतमंदों की मदद करती हैं, बल्कि अन्य लोगों को भी अच्छे कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित करती हैं। जिससे समाज में सकारात्मकता व सहयोग की भावना बढ़ती है।

## नन्हे मुन्ने बच्चों ने कविता वाचन व नृत्य कर सभी को किया भावविभोर

**कार्यक्रम में अधिवक्ता याजवेंद्र सिंह ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


**यमुनानगर।** रादौर स्थित ऐंजल पैराडाइज इंटरनेशनल प्री स्कूल में नियमावली का विमोचन करते हुए नन्हें मुन्ने बच्चे व स्टॉफ सदस्य।

ऐंजल पैराडाइज इंटरनेशनल प्री स्कूल रादौर में नन्हें मुन्ने बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए रविवार को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हें मुन्ने बच्चों ने मॉडलिंग, एग्जिबिशन, मंत्रोचारण, कविता, भजन व नृत्य कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बच्चों ने स्कूल द्वारा तैयार की गई नियमावली का विमोचन किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय के अधिवक्ता याजवेंद्र सिंह ने भाग लिया। स्कूल की प्रिंसीपल गीता वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के शुभारंभ पर नन्हें मुन्ने बच्चों ने मॉडलिंग में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके बाद बच्चों ने मंत्रोचारण किया और कई बच्चों ने कविता वाचन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने बताया कि मौके पर एग्जिबिशन का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। वहीं, नन्हें मुन्ने बच्चों ने शानदार नृत्य किया और भजन गायन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर मुख्यातिथि एवं अधिवक्ता याजवेंद्र सिंह ने नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा प्रदर्शित की गई प्रतिभा के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार कर देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्कूल में जो बच्चों ने संस्कार युक्त शिक्षा ग्रहण की है। वह उनके भविष्य में जरूर काम आएगी और उसकी वजह से समाज ही नहीं। वह अपना परिवार भी अच्छी तरीके से चलाएंगे और परिवार के साथ साथ एक ऊंचे मुकाम को हासिल जरूर करगें। मौके पर उन्होंने एग्जिबिशन का निरक्षण किया। इस अवसर पर बच्चों ने स्कूल की नियमावली व पंपलेटे का विमोचन किया। स्कूल निदेशक सुमन कांबोज ने स्कूल में होने वाली हर गतिविधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इससे पहले हवन यज्ञ किया गया।



**यमुनानगर।** रादौर निवासी डॉ. सौरभ आर्य को गोवा में आयोजित सम्मेलन में उपाधि भेंट करते हुए मुख्यातिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## डॉ. सौरभ आर्य को एलएलडी व इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट मानद डॉक्टरेट उपाधि से किया विभूषित

**यमुनानगर।** साऊथ वेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी यूएस द्वारा गोवा में आयोजित किए गए अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में रादौर के समाजसेवी डॉ. सौरभ आर्य को एलएलडी व इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट मानद डॉक्टरेट उपाधि से विभूषित किया गया। डॉ. सौरभ आर्य को इस उपलब्धि के लिए उनका रादौर पहुंचने पर उनके शुभचिंतकों ने स्वागत किया। डॉ. सौरभ आर्य ने बताया कि इस इंटरनेशनल इवेंट में भारत, अमेरिका, नेपाल, मारीशियस व मालदीव आदि देशों की विद्वान विभूतियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान ग्लोबल अचीवर काउंसिल की अकादमिक अनुशंसा पर साउथ वेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी यूएस द्वारा स्वर्णिम श्रेणी में चयन करते हुए उन्हें इंटरनेशनल गोल्ड मेडल अवार्ड और एलएलडी मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में महाराष्ट्र के गडचिरौली चिरमौर के सांसद अशोक एमनेते, सेवानिवृत्ति टेक्निकल अधिकारी डीईएएल डीआरडीओ रक्षा मंत्रालय भारत सरकार जगदीश कुमार व यूनिवर्सिटी की भारतीय प्रमुख डॉ. एस लीलावती द्वारा उक्त उपाधिङ भेंट की। डॉ. आर्य ने बताया कि उनके द्वारा समाजिक जीवन पर शोध, विश्लेषणात्मक अध्ययन और विश्व रिकॉर्ड धारक सत्य कीर्ति पुस्तक को यूनिवर्सिटी को भेजा था। जिसके आधार पर यूनिवर्सिटी उन्हें अप्रिसिएशन दिया गया। जिसके लिए आभार एवं अभिवादन व्यक्त है।

**संकीर्तन** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित किया संत संकीर्तन कार्यक्रम

## मानवीय गुण ही मानव को प्रदान करते हैं मानवता का गौरव : भारती

**कार्यक्रम में साध्वी बबली भारती ने साध संगत को बताया मानीवय गुणों का महत्व**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए साध्वी बबली भारती व श्रवण करते हुए साध संगत। फोटो : हरिभूमि

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में रविवार को संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में साध्वी बबली भारती ने साध संगत को मानवीय गुणों के महत्व से अवगत करवाया। इस दौरान साध्वी बहनों ने भजन गायन करके साध संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया।

साध्वी बबली भारती ने फरमाया कि मानवीय गुण ही एक मानव को वास्तविकता में मानवता का गौरव प्रदान करते हैं। मानव शरीर धारण कर लेना ही आत्मा के उत्थान के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि एक ब्रह्मनिष्ठ संत की कृपा दृष्टि के द्वारा ही मनुष्य के जीवन का उद्धार हो सकता है। उस ब्रह्माण्ड की परम सत्ता के चरणों में शरणागत होने पर सभी प्रकार के सदगुण आचरण में स्वतः ही प्रकट हो जाते हैं। साध्वी बबली भारती ने समझाया कि दया, करुणा, सहनशीलता व नम्रता जैसे गुण ही हमें मानवता प्रदान करते हैं। इन सभी गुणों में से नम्रता ऐसा दैवीय गुण है जो मनुष्य को बड़ी से बड़ी विपदा से बचा लेता है। साध्वी ने फरमाया कि तूफान आने पर बड़े बड़े वृक्ष उखड़ जाते हैं। लेकिन नन्ही घास तूफान में भी सुरक्षित रहती है। विनम्र स्वभाव के द्वारा व्यक्ति दूसरों का दिल जीत लेता है। हृदय की नम्रता हर शत्रु को मित्र बनाने के लिए सहायक होती है। किसी फल को देखकर ही हम उसके पके होने का अंदाजा लगा सकते हैं।

इसी प्रकार परिपक्व हुए व्यक्तित्व में नम्रता सहज रूप से ही परिलक्षित होती है। नम्रता वह गुण है जो सभी सकारात्मक गुणों को अपने साथ लेकर आती है। नम्रता ही मनुष्य की वह शक्ति है। जिसके द्वारा वह सारे संसार को अपने आगे झुका सकता है। एक विनम्र व्यक्ति का जीवन गीली मिट्टी की तरह होता है। जिसमें सद्भाव रूपी बीज सहज रूप से ही अंकुरित हो जाते हैं।

# आम बजट : आमजन को महंगाई से राहत की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आज 17 मार्च को हरियाणा का बजट पेश होगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर वित्त मंत्री बजट पेश करेंगे। बजट को लेकर हर वर्ग काफी उम्मीद लगाए बैठा है। प्रदेश की आम जनता को इस महंगाई से थोड़ी बहुत राहत की उम्मीद है, जिससे उनका जीवन आसानी से आगे बढ़ता रहे और उन्हें किसी तरह की विकट परिस्थितियों का सामना न करना पड़े। आम बजट से आमजन को काफी अपेक्षाएं हैं। सबसे ज्यादा युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध करवाने की उम्मीद है। बजट में सभी सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरियों के सृजन मिलने की आस लगाए हैं। युवाओं का कहना है कि रोजगार मिलने पर युवा परिवार का सहारा बन सकेंगे और अच्छे राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वाह करने में सक्षम होंगे।

### कौशल विकास पर हो फोकस : टोनी



युवा टोनी रोहिला ने कहा कि आम बजट में चाहिए कि कौशल विकास पर फोकस किया जाए। युवाओं का कौशल विकास होगा तो रोजगार प्राप्त करने में सुगमता मिलेगी। प्रतियोगिता के दौर में युवाओं का कौशल विकास जरूरी है। ताकि अधिक से अधिक लोगों को प्रशिक्षित कर रोजगार के मौके उपलब्ध कराएं जा सके।

### रोजगार की बेहतर व्यवस्था की जाए



युवा पुनीत सेतिया ने कहा कि इस बार आम बजट में सरकार की ओर से युवाओं को कुछ न कुछ जरूर मिलने की उम्मीद है। वित्त मंत्री युवाओं को प्रेरित करने वाला बजट पेश करें। उसमें रोजगार की बेहतर व्यवस्था करें ताकि युवाओं का भविष्य बेहतर हो सके। मौजूदा समय में रोजगारपरक शिक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

### निजी क्षेत्र में भी मिले रोजगार : कर्मबीर



समाजसेवी कर्मबीर ने कहा कि युवाओं को स्वयं उद्यम स्थापित करने के लिए रोजगारपरक शिक्षा की व्यवस्था करने की दरकार है। आम बजट में सरकार युवाओं के रोजगारपरक शिक्षा की व्यवस्था करें ताकि निजी क्षेत्र में भी रोजगार मिल सके। आम बजट में ऐसी व्यवस्था करने से युवा रोजगार के रथ पर सवार होकर समाज के लिए नई दिशाएं तैयार कर सकेंगे।

### स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाया जाए : रामेश्वर सैनी



समाजसेवी रामेश्वर सैनी ने कहा कि अबकी बार उनको बजट से काफी उम्मीद है। सरकार को राज्य स्तर पर भी मेडिकल की शिक्षा को लेकर कुछ अच्छी नीति लेकर आनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कहा कि हरियाणा सरकार को खासकर अपने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अच्छा बजट लेकर आना चाहिए, क्योंकि स्वास्थ्य सेवाओं के अच्छे ना होने के कारण कई लोगों पर इसका असर देखने को मिलता है जो कि अच्छा नहीं है। इसलिए सरकार से उम्मीद कर रहे हैं कि इस बजट में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए भी काम किया जाए।

# सरसों की फसल को अनाज मंडी में खरीद करने के जारी किए आदेश : सुभाष सुधा

- किसानों के हितों को ध्यान में रखकर कई कल्याणकारी योजनाएं चालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के हितों को ध्यान में रखकर कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। हरियाणा देश का प्रथम राज्य है, जहां पर किसानों की सबसे अधिक फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही है, इसके साथ-साथ बीज खाद कृषि यंत्रों पर सरकार द्वारा किसानों को अनुदान राशि भी प्रदान की जाती है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि किसान बहुत ही मेहनत के साथ सरसों की फसल को तैयार करता है और सरसों की फसल को यदि समय पर खरीद नहीं किया गया तो किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आढ़तियों की इस मांग को जायज समझते हुए तुरंत सरसों की फसल को 15 मार्च से अनाज मंडी में खरीद करने के आदेश जारी कर दिए। उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के सीएम सैनी किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर हैं और सरकार का प्रयास है कि जनहित की योजनाओं का लाभ किसान के साथ-साथ हर वर्ग को मिले।



सुभाष सुधा
पूर्व राज्यमंत्री

## खबर संक्षेप



### वंचित बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में वात्सल्य वाटिका के 105 वंचित विद्यार्थियों हेतू विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। केन्द्र के शिक्षा अधिकारी जीतेन्द्र कुमार दास ने बताया कि इन सभी विद्यार्थियों हेतू 3डी फिल्म शो, तारामण्डल शो एवं प्रयोगात्मक विज्ञान व्याख्यान आयोजित किया गया। । इन सभी विद्यार्थियों ने पैनोरमा हाल तथा तितली उद्यान का भ्रमण भी किया। सभी विद्यार्थियों को अंत में केन्द्र की तरफ से विज्ञान कीट एवं अल्पाहार भी वितरित किया गया।

### कुरुक्षेत्र भाजपा जिलाध्यक्ष बनने के लिए 48 आवेदन

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के सभी जिलों में भाजपा जिलाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया जारी है। इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र भाजपा का जिलाध्यक्ष बनने हेतु भी 48 भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला भाजपा कार्यालय में आवेदन किया है। इनमें 4 महिला कार्यकर्ता भी शामिल हैं। गौरतलब है कि कल 17 मार्च को भाजपा संगठनात्मक चुनाव होने जा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को भाजपा ने सभी जिलों में भाजपा जिलाध्यक्ष बनने के इच्छुक पार्टी कार्यकतार्ओं से आवेदन मांगे थे। इसके लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक का समय निर्धारित किया गया था।

### प्रभु भक्ति मानव जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता

**कुरुक्षेत्र।** गांव झांसा के श्रीअद्वैत स्वरुप अनन्त आश्रम नंगली वाली कुटिया में संत प्रकाश पुरी एवं संत अगम पुरी बाबा जी के आशीर्वाद से संत समागम एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस पूर्व आश्रम में संत अगम पुरी बाबा जी ने रामायण पाठ का भोग डाला। प्रवचन करते हुए संत अगम पुरी बाबा जी महाराज ने कहा कि प्रभु भक्ति मानव जीवन की सबसे बडी आवश्यकता है। भक्ति में प्रेम की भाषा को महत्व दिया गया है। सदियों से सत्य का संदेश दिया जा रहा है। एक निराकार की भक्ति की बात पहले कही जा रही थी, आज भी उसी घट-घट में बसे परमपिता परमात्मा की भक्ति की बात हो रही है।

## उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# मानसून से पहले नालो-नहरों की सफाई करें सुनिश्चित

### परियोजना में देरी या कमी होने पर संबंधित अधिकारी पर होगी कार्रवाई

- तटबंधों की मजबूती पुख्ता की जाए
- भूमि कटाव को रोकने के लिए पत्थर के स्टड भी बनाएं जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने आगामी मानसून के मौसम में जिले में जलभराव रोकने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कि वे अपने क्षेत्रों में नालों की सफाई और नहरों की डिसिल्टिंग करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा बाढ़ नियंत्रण के लिए चल रही परियोजनाओं की निरंतर समीक्षा करें और समयबद्ध तरीके से उन परियोजनाओं को पूरा करवाना सुनिश्चित करें। यदि किसी परियोजना में कोई कमी पाई जाती है या परियोजना में किसी प्रकार की देरी होती है, संबंधित अधिकारियों की जिम्मेवारी तय करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला में स्टोन स्टड, स्टोन स्टीनिंग, नालों की रीमॉडलिंग, स्थायी पंप हाउसों के निर्माण, निचले इलाकों में पाइपलाइन बिछाने और बाढ़ के पानी को नालों में गिराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी नदी या नाले के जो तटबंध गांवों की तरफ लगते हैं, उन तटबंधों की मजबूती पुख्ता की जाए। इसके अलावा, भूमि कटाव को रोकने के लिए पत्थर के स्टड बनाएं जाएं। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी संख्या में बनाए गए स्टोन स्टड की समीक्षा करने के निर्देश दिए ताकि जरूरत के अनुसार समय पर मरम्मत की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि सरस्वती नदी में सीवेज का पानी या प्रदूषित नाला नहीं गिरना चाहिए क्योंकि सरस्वती नदी को साफ करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें सीवेज के पानी के बहाव के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वे जिले में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करें ताकि प्रदूषित पानी को सरस्वती नदी में जाने से रोका जा सके।



उपायुक्त नेहा सिंह।

### पेयजल आपूर्ति में न हो कोई कमी

उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में सिंचाई के लिए उपलब्ध पानी का समान व समुचित वितरण सुनिश्चित किया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई न आए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी स्त्रोतों से उपलब्ध जल का प्रबंधन सही ढंग से करते हुए जिले के हर इलाके में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। आगामी गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। पेयजल आपूर्ति के लिए जलाशयों की सफाई, रॉ वाटर की आपूर्ति, टैंकर्स की आवश्यक संख्या आदि के लिए समुचित व्यवस्था की जाए।

### फसल विविधीकरण के लिए करें जागरूक

उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाएं और उन्हें धान जैसी पानी की अधिक खपत वाली फसलों की खेती करने की बजाय अन्य वैकल्पिक फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करें।

# थानेसर शहर में 29 करोड़ से सरस्वती के ऊपर जल्द शुरू होगा कार्य : धुमन

### 200 से 450 क्यूसिक हो जाएगी सरस्वती की कैपेसिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सरस्वती बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुमन सिंह किरमच ने कहा कि थानेसर शहर में पिपली से लेकर ज्योतिसर तक का प्रोजेक्ट जिसका टेंडर हो चुका है और इसी माह में कार्य आरंभ हो जाएगा। सरस्वती बोर्ड के प्रयासों से यह 29 करोड़ का प्रोजेक्ट पिछली मनोहर सरकार ने पास किया था और अब ये नायाब सैनी सरकार इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में प्रतिबद्ध है। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से सरस्वती को एक तरफ से पक्का करके और उसके अपर रास्ता भी बनाया जाएगा जिससे नदी की कैपेसिटी बढ़ जाएगी। चेयरमैन धुमन सिंह किरमच ने कहा कि बोर्ड के प्रयासों से सरस्वती के साथ-साथ एक 19 किलोमीटर ड्रेन लंबी गंदे पानी के लिए बनायी गई थी, उसको भी रेलवे लाइन के नीचे से खोल दिया गया है। यह रेलवे लाइन के नीचे से पूरी तरह से गंदगी की वजह से चोक थी। उसके खोलने से इस पैरलेल ट्रेन में गंदे पानी को डाला जा रहा है और सरस्वती के अंदर स्वच्छ जल चलाया जाएगा। इस योजना पर सरस्वती बोर्ड लंबे समय से काम कर रहा है अभी तक पहला काम सरस्वती में गंदे पानी को रोकना और स्वच्छ जल चलना है इसके लिए नायब सैनी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट को शीघ्रता के लिए साढ़े 3 सौ एकड़ में बनने वाले सरस्वती सरोवर का काम भी यमुनानगर जिला में शुरू हो चुका है। इस सरोवर में बरसात का पानी रोक कर रिचार्ज किया जाएगा और सरस्वती में स्वच्छ जल लाया जाएगा। इस अवसर पर उनके साथ मंडल अध्यक्ष नरेंद्र जांगड़ा, खेड़ी मारकंडा सरपंच कृष्ण कुमार, परगट सिंह व गणमान्य व्यक्ति थे।



## केशव पार्क में 1008 कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ 18 मार्च से



**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम महाराज के सान्निध्य में 18 से 27 मार्च तक 1008 कुण्डीय जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ के बारे में स्वामी हरिओम जी महाराज ने बताया कि 102वा जनकल्याण 1008 कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ 18 से 27 मार्च तक केशव पार्क कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। 18 मार्च को सुबह 6 बजे ब्रह्ममूर्त में स्नान किया जाएगा। उसके बाद ब्रह्म सरोवर से केशव पार्क तक प्रातः 10 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी, वहीं शाम 4 बजे केशव पार्क में स्थापित यज्ञशाला में शाम अग्नि मंथन होगा। इसी प्रकार 19 से 26 मार्च तक सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन शाम 3 बजे से 5 बजे तक पूर्व डीजीपी आरसी मिश्रा द्वारा श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा।

### पुरुष व महिलाओं की इंडिविजुअल टाइम ट्रायल

# अंजलि और सीवेन ने जीता स्वर्ण पदक

- इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से लगभग 200 साईकलिस्ट में हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा राज्य साइकलिंग संघ द्वारा आयोजित 21वीं हरियाणा राज्य माउंटेन बाइक साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन भौर सैयदा में किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से लगभग 200 साईकलिस्ट में हिस्सा लिया, प्रतियोगिता के 30 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल के पुरुष वर्ग में करनाल के सीवेन ने 1:02:03:804 घंटे का समय लेकर स्वर्ण पदक हासिल किया, रोहतक के जयदीप ने 1:08:18:311 घंटे का समय लेकर द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं हिसार के राजेश ने 1:12:35:0 33 घंटे का समय लेकर कांस्य पदक हासिल किया, 20 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल महिला वर्ग में करनाल की अंजलि ने 1:03:40:745 घंटे का समय लेकर स्वर्ण पदक ,फतेहाबाद की ज्योति रानी ने 1:07:53:259 घंटे का समय लेकर रजत, करनाल की सपना ने 1:01:42:582 घंटे का समय लेकर कांस्य पद हासिल किया। अंडर 18 गर्ल्स इंडिविजुअल टाइम ट्रायल 15 किलोमीटर में करनाल की चेष्टा ने 41:34:501 मिनट का समय लेकर प्रथम स्थान हासिल किया, कुरुक्षेत्र की तृषा ने 43:40:945 मिनट का समय लेकर द्वितीय तथा पंचकूला की राधा ने 45:39:909 मिनट का समय लेकर कांस्य पद हासिल किया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जगदीश असीजा, देवेंद्र सिंह, संजय कुमार, रवि कुमार, बृजेश कुमार, अजीत सिंह, अधिवक्ता सुनील कुमार, प्रशिक्षक पंजाब सिंह, ओंकार सिंह, सोमवीर सिंह, निर्मल सिंह, नेहा, गौरव, शाहिद, अनेक खेल प्रेमी मौजूद रहे।



### विश्वविद्यालय स्तरीय शिविर में अर्जुन रहे सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विश्वविद्यालय स्तरीय सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन । यह शिविर कैथल के डॉ भीम राव अंबेडकर महाविद्यालय में 9 मार्च से 15 मार्च तक आयोजित हुआ। इसमे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय यूटीडी इकाई से छह एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा भाग लिया गया । इस शिविर के दौरान कई सारी प्रतियोगिता हुए जिसमे स्वयंसेवकों द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया। एनएसएस यूटीडी कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश कुमार, डॉ राज रतन और डॉ निधि माथुर ने बताया कि इस शिविर में यूटीडी अर्जुन को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक के साथ-साथ भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, स्लोगन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया । अंत में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ एआर चौधरी ने कार्यक्रम अधिकारी और सभी एनएसएस स्वयंसेवकों को बधाई दी।

### धूमधाम से मनाया बर्फानी सेवा मंडल का वार्षिक महोत्सव

# भोले बाबा के भजनों पर झूमे भक्तजन

- उद्योगपति अश्वनी जैन ने समारोह की अध्यक्षता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बर्फानी सेवा मंडल (रजि.) कुरुक्षेत्र का 11वां वार्षिक महोत्सव मंडल के कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया। उद्योगपति अश्वनी जैन ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर झांसा, धुराला, पिहोवा, पानीपत, इंद्री, शाहाबाद, लुधियाना, कैथल, पुंडरी, लाडवा, बाबैन, करनाल आदि संस्थाओं और कुरुक्षेत्र के सभी सदस्यों ने भाग लिया। भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। अर्जुन एंड पार्टी से ललित लाली ने भोले बाबा का गुणगान किया। महोत्सव में मौजूद सभी ने भोले के भजनों का आनंद लिया और नाच गाकर वार्षिक उत्सव में अपनी हाजरी लगाई। मेरा भोला है भंडारी, भोले दी बारात चढ़ी सज धज के सारेया ने भांग पीती रज रज के आदि भजनों पर शिव भक्त मस्ती में झूमे। भजन कीर्तन का समापन आरती के साथ किया गया। इसके बाद भंडारा लगाया गया। भंडारे में शिव भक्तों ने भोले का प्रसाद चखा। बर्फानी सेवा मंडल के सचिव अजय गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष श्रीअमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त 2025 तक चलेगी।



**कुरुक्षेत्र।** उद्योगपति अश्वनी जैन को स्मृति चिहन भेंट करते आयोजक।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रधान सुरेश, संजय कंसल, संदीप सिंगला, बलविंदर सैनी, डॉ विष्णु दत्त, डॉ विमल शर्मा, डॉ अशोक बंसल, गोबिंद राम, दीपक गुप्ता, बृजेश, वेद गिरधर, प्यारे लाल, कुलवंत भट्टी, सतीश वालिया, आनंद वालिया, राजीव बत्रा, सोनू कक्कड़, राजकिशन जांगड़ा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। वार्षिक उत्सव के अंत में अजय गुप्ता ने सभी आए हुए सदस्यों का धन्यवाद किया।

# शंकराचार्य अविमुकतेश्वरानन्द सरस्वती ने मां भद्रकाली का लिया आर्शीवाद

- मां भद्रकाली शक्तिपीठ में आनन्द महोत्सव चैत्र नवरात्रि कार्यक्रम 29 मार्च से प्रारंभ होगा और 13 अप्रैल तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



चैत्र नवरात्रि आने में अब कुछ ही दिन शेष हैं। नवरात्रि के दौरान शक्ति के सभी 9 स्वरुपों की पूजा-अर्चना की जाती है। इस साल मां भद्रकाली शक्तिपीठ में आनन्द महोत्सव चैत्र नवरात्रि कार्यक्रम 29 मार्च से प्रारंभ होगा और 13 अप्रैल तक चलेगा। शक्तिपीठ में परमाराध्य परमधमार्धीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती माँ भद्रकाली जी का आशीर्वाद लेने पहुंचे। सर्वप्रथम गुरु जी के सुपुत्र स्नेहिल शर्मा की अगुवाई में टीम शक्तिपीठ द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके बाद पूज्य शंकराचार्य ने अपने शिष्यों सहित पावन- पवित्र शक्तिस्थल श्रीदेवीकूप पर माँ की विधिवत पूजा की व माथा टेका। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने माँ की लाल शक्ति चुनरी व पुष्पमाला से उनका भव्य स्वागत - सत्कार किया व उनसे आशीर्वाद लिया। उन्होंने पूजनीय शंकराचार्य को माँ का प्रसाद व चित्र देकर उनके सेवा भावी यशस्वी जीवन की, उनके द्वारा हिन्दू धर्म जागरण की, सनातन गौरव की मंगल कामना की। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा व माता शिमला देवी के सान्निध्य में स्वामिश्रीः जी द्वारा माँ भद्रकाली जी का पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर नवरात्रों के सफल आयोजन के उपलक्ष में आयोजन समिति की भी मीटिंग हुई।

**योजना** परीक्षा 30 को अमातिर कन्या गुरुकुल बचगांवा गामडी कुरुक्षेत्र में होगी

# विद्याश्री छात्रवृत्ति योजना के तहत 40 होनहार छात्राओं को दी जाएगी निःशुल्क शिक्षा : नेहरा

- योजना के तहत 9वीं और 11वीं कक्षा के लिए 20-20 सीटें रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विद्याश्री छात्रवृत्ति योजना के तहत 9वीं व 11वीं कक्षा की 40 होनहार छात्राओं को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। यह जानकारी अमातिर कन्या गुरुकुल बचगांवा गामडी में पत्रकार वार्ता के दौरान अनंत चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी आशीष नेहरा ने दी। आशीष नेहरा ने बताया कि अनंत चैरिटेबल ट्रस्ट ने जेनेसिस क्लासेस और अमातिर कन्या गुरुकुल के साथ मिलकर विद्याश्री छात्रवृत्ति योजना शुरू की है। यह छात्रवृत्ति उन बेटियों के लिए है जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रह जाती है। छात्रवृति परीक्षा 30 मार्च को दोपहर 2 बजे अमातिर कन्या गुरुकुल बचगांवा गामडी कुरुक्षेत्र में होगी। इस अवसर पर जेनेसिस क्लासेस के एमडी जितेंद्र अहलावत, अनंत चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य दीपक चिब, जेनेसिस क्लासेस के एडमिनस्ट्रेटर सुबेदार रविंद्र कौशिक व अमातिर कन्या गुरुकुल की प्रिसंपील शालू शर्मा मौजूद रहे। जेनेसिस क्लासेस के एमडी जितेंद्र अहलावत ने बताया कि छात्रवृति योजना के तहत 40 सीटे उपलब्ध है जिनमें 9वीं कक्षा के लिए 20 सीटें और 11वीं कक्षा के लिए 20 सीटें रहेगी। जो छात्राएं इस योजना में चयनित होंगी उन छात्राओं को नीट, जेईई व एनडीए जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी मार्गदर्शन किया जाएगा। जो छात्राएं अन्य जिलों से है उन्हें स्कूल टयूशन फीस, हॉस्टल फीस, परिवहन, किताबों आदि की सहायता की जाएगी।




**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते अनंत चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी आशीष नेहरा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 मार्च

*सुबेदार रविंद्र कौशिक ने बताया कि परीक्षा के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2025 है। परीक्षा के रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन स्कूल की वेबसाइट पर जाकर, स्कूल में आकर या फिर जेनसिस क्लासेस कुरुक्षेत्र में आकर किया जा सकता है। परीक्षा के लिए देशभर से वे छात्राएं आवेदन कर सकती है जो वित्तीय कमी के चलते अपनी शिक्षा पूरी नही कर पाती है।*

## खबर संक्षेप

### बालिका को घर ले जाकर पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना इलाका गांव में घर में ले जा बालिका के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने बालिका की मां की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट तथा दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पिल्लूखेड़ा थाना इलाका गांव की एक महिला ने पुलिस को इस बारे में शिकायत दर्ज करवाई है।

### घर में लगी आग, गाय जली और बछड़ा झुलसा

**जींद।** राम कॉलोनी में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक मकान का सारा सामान जल गया और एक गाय भी आग की भेंट चढ़ गई और बछड़ा झुलस गया। लोगों का कहना था कि आग बिजली के शार्ट सर्किट होने के कारण लगी थी। गाय के शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

### रक्तदान से नहीं आती कमजोरी : डा. राजेश

**जींद।** उचाना स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के तौर पर उचाना सेवा ग्रुपके संस्थापक एवं एसडीएम हांसी डा. राजेश खोथ पहुंचे तो अध्यक्षता नायब तहसीलदार सुरेश कुमार ने की। शिविर में 120 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ। डा. खोथ ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से शरीर में कमजोरी नहीं आती इसलिए हमें समय समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

### वन मजदूरों को भी नहीं मिला स्थायी रोजगार

**जींद।** वन मजदूर यूनियन का पांचवां सम्मेलन मजदूर भवन धागा मिल कॉलोनी में हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रकाश सिंह लाठर व संचालन सेवा सिंह ने की और उदघाटन सीटू जिला सचिव कपूर सिंह ने किया। उन्होंने भारत सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों की जमकर आलोचना की व आगामी खतरों से अवगत करवाते हुए कहा कि वन मजदूर देश व प्रदेश के वातावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ व पौधे लगाते हैं और उनकी सुरक्षा करते हैं लेकिन प्रदेशभर में इन मजदूरों का शोषण होता है।

### अभिषेक बने बुक बैंक के अध्यक्ष, सूरज को हराया

**जींद।** सामाजिक संस्था सर्वजन एजुकेशनल एंड वोकेशनल संस्था द्वारा संचालित बुक बैंक के अध्यक्ष पद के चुनाव में अभिषेक ने जीत हासिल की है। इस चुनाव में उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सूरज को 12 वोट के अंतर से पराजित किया। संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र कटारिया और महासचिव राजकुमार ने अभिषेक जुलाना को बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में बुक बैंक और अधिक प्रभावी ढंग से शिक्षा और ज्ञान के प्रचार-प्रसार में योगदान देगा। अभिषेक ने कहा कि वे बुक बैंक की सेवाओं को और विस्तारित करने, जरूरतमंद छात्रों तक अधिक से अधिक पुस्तकें पहुंचाने का कार्य करेंगे।

### देश की संस्कृति को बचाना है तो गाय को बचाना होगा

**कुरुक्षेत्र।** श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता कथा वाचक अनिल शास्त्री ने बताया कि ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य जगद्गुरु स्वामी श्रीः अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज ने हरियाणा प्रवास के दौरान कुरुक्षेत्र में सरपंच जितेन्द्र खैरा के घर रात्रि विश्राम किया एवम पादुका पूजन किया। पूर्व से निर्धारित संत गोपाल दास के संरक्षक में चल रहे पीपली गौशाला में पहुंचे। उसे पूर्व पीपली रेस्ट हाउस में स्वामी श्रीअविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार गाय के खिलाफ हो रहे अत्याचार को बंद करे और गौ हत्या पर रोक लगाए जिसके लिए उन्होंने सरकार को 33 दिन का समय दिया था और उन्होंने इसके लिए महाभारत की धरती धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र को चयन किया। उन्होंने कहा कि देश की संस्कृति को बचाना है तो गाय को बचाना होगा जिसके लिए उन्होंने सभी कुरुक्षेत्र के वासियों से निवेदन किया है सभी एक देसी गाय अवश्य पाले जिससे गाय का संरक्षन हो सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

ब्रह्माकुमारी शांतिधाम की ओर से आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

# नकारात्मक विचार इंसान की वृत्ति व वातावरण को बनाते हैं दुखदायीः शैली

## अपने मन, बुद्धि, भावना और विचारों को स्वस्थ बनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी स्थित दयालबाग ब्रह्माकुमारीज़ शांतिधाम की ओर से वशिष्ठ नगर में अच्छे विचार सुखमय संसार विषय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने इस विषय पर बताते हुए कहा कि हमारा हर संकल्प एक ऊर्जा है जो हमारे जीवन को गति, दशा और दिशा प्रदान करता है। सकारात्मक सोच सुखमय जीवन का आधार है। नकारात्मक विचार अपने आप में एक ऐसी ऊर्जा है जो इंसान की वृत्ति, वाइब्रेशन और वातावरण को दुखदायी बनाती है। यह खुद या दूसरों के लिए समस्याएं उत्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने दैहिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुंदरता पर ध्यान रखने के साथ-साथ अपने मन, बुद्धि, भावना और विचारों को स्वस्थ, शुद्ध, सुंदर और सकारात्मक बनाने की जरूरत है। उसके लिए हमें अपने अंदर निरंतर चल रहे संकल्प और भावनाओं का निरीक्षण कर उनमें परिवर्तन करने की जरूरत है। इससे हम वातावरण में बढ़ रही नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त कर सकते हैं। इससे हम सबके प्रति शुभ भावना व शुभकामना रूपी सकारात्मक शक्तियों की मात्रा को स्वयं में और दुनिया के हर स्तर पर बढ़ा सकते हैं। देखा जाए तो ज्यादातर लोग भौतिक चकाचौंध से दूर रहना चाहते हैं। किसी गहरी शांति या मानसिक सुकून की तलाश में हैं। यह तलाश आध्यात्मिक शक्तियों से संपन्न व्यक्ति और वातावरण के सान्निध्य में आने से ही पूरी हो सकती हैं। इसके साथ ही व्यक्तिगत व सामूहिक स्तर पर आध्यात्मिक ज्ञान, नैतिक मूल्य और ईश्वरीय योग के नियमित अभ्यासी और अनुभवी बने।



अंबाला। कार्यक्रम में मंचासीन बीके बहनें। फोटोः हरिभूमि

### शिव ध्वजारोहण किया

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुमन दीदी ने स्वयं की पहचान बताते हुए कहा स्वयंम को आत्मा समझ अपना हर कर्म करेंगे तो देह का अभिमान स्वत ही समाप्त हो जाएगा। कार्यक्रम में शिव ध्वजारोहण किया गया। कुमारी पाखी ने परमात्मा की स्मृति के बहुत सुंदर गीत गाए। कार्यक्रम में एडवोकेट राज कुमार, सीता राम भाई, डॉक्टर जीतराम व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कुमारी शिवसी ने मंच संचालन किया।


नारायणगढ़। विचार प्रकट करती ब्रह्माकुमारी बहनें व अन्य। फोटोः हरिभूमि

## अच्छा इंसान बनना है तो खुद की बुराइयों को करना होगा खत्म

- बीके पाठशाला में शिव जयंती तथा होली महोत्सव पर लोगों को मेडिटेशन की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बीके पाठशाला में रविवार को शिव जयंती तथा होली महोत्सव मनाया गया। सेवा केंद्र इंचार्ज बीके हरदीप दीदी ने सभी को दोनों त्यौहारों की बधाई दे तथा शिव परमात्मा के इस दुनिया में अवतरित होने का ध्वजारोहण का रहस्य बताया। इसके साथ ही उन्होंने होली के त्यौहार का भी आध्यात्मिक रहस्य समझाया कि जब शिव परमपिता परमात्मा इस दुनिया में अवतरित होते हैं तो वह हमें ज्ञान गुण शक्तियों का के रंग में रंग देते हैं। उन्हें रंगो से हमें रंगी में रहना चाहिए , उसी का यादगार होली मनाई जाती है। साथ में अपने बुरे संस्कारों को खत्म करना चाहिए। बुरी आदतों को जलाना चाहिए जिसकी यादगार होलिका दहन बनाया जाता है। यदि हमें अपने आप को अच्छा बनाना है अपनी बुराइयों को खत्म करना है। अपनी बीमारियों को ठीक करना है तो उसका एकमात्र उपाय मेडिटेशन है जो प्रताप पिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में सिखाया जाता है।


अंबाला। गुरमत समागम को लेकर सहज पाठ साहब का भोग पाते हुए संगत।

## 28 वें गुरमत समागम की तैयारियों को लेकर मंथन

- गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सेवा सिमरन सोसायटी की हुई अहम बैठक, मंत्री अनिल विज भी लेने पहुंचेंगे आशीर्वाद
- नगर कीर्तन के रूप में गुरुद्वारा साहिब से समागम स्थल तक ले जाया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी के बीसी बाजार स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सेवा सिमरन सोसायटी की एक अहम बैठक हुई। इसमें आगामी 23 मार्च दिन रविवार को होने वाले 28 वें गुरमत समागम के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता सोसायटी के प्रधान ब्रह्मजीत सिंह खालसा ने की जिसमें 28 वें गुरमत समागम के बारे में विचार विमर्श किया गया। सोसायटी के आए हुए सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे। बैठक से पहले गुरमत समागम को लेकर सहज पाठ साहब के भोग पाए गए। उसके उपरांत गुरु के अटूट लंगर वारताए गए । खालसा ने बताया कि यह गुरमत समागम 23 मार्च को शाम 5 बजे से लेकर रात 2 बजे तक गांधी ग्राउंड अंबाला छावनी में कारवाया जा रहा है। इसमें भाई चमनजीत सिंह लाल दिल्ली वाले, भाई मनप्रीत सिंह कानपुर वाले, भाई सरबजीत सिंह पटना साहिब वाले, भाई शौकीन सिंह जी हुजूरी रागी श्री दरबार साहिब, भाई शुभदीप सिंह हुजूरी रागी श्री दरबार साहिब, भाई सतनाम सिंह श्री पंजोखरा साहिब वाले इलाही वाणी द्वारा संगतों को निहाल करेंगे। खालसा ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब का स्वरूप शाम 4 बजे एक नगर कीर्तन के रूप में गुरुद्वारा साहिब से समागम स्थल तक ले जाया जाएगा। खालसा ने कहा कि इस समागम में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का आशीर्वाद लेने के लिए परिवहन एवं बिजली मंत्री अनिल विज पधारेंगे। आई हुई संगतों के लिए गुरु के अटूट लंगर व कई अन्य खाद्य पदार्थ बरताए जाएंगे। इस अवसर पर केवी सिंह, एवी सिंह, अमनप्रीत सिंह, जसमीत सिंह, गुरप्रीत सिंह,सिमरन प्रीत सिंह, सुखदेव सिंह भूपिंदर सिंह, सतबीर सिंह भी मौजूद रहे।

## स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को किया जागरूक

- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के द्वितीय दिन की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस गीत गाकर की गई।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूजा बैरागी ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. बिन्नी पाहवा ने डिजिटल इंडिया विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया कि डिजिटल इंडिया पहल का उद्देश्य देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज में बदलना है, जिसमें बुनियादी ढांचे का उन्नयन, डिजिटल साक्षरता में वृद्धि और ई-सेवाओं का विस्तार शामिल है। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव रजौली में जाकर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली।



बराड़ा। रैली निकालते हुए स्वयंसेवक। फोटोः हरिभूमि

## पुरोहितों ने सांसद से की मुलाकात

- 20 अप्रैल को सांसद कार्तिकेय शर्मा को किया जाएगा सम्मानित
- पुरोहितों का मानदेय निर्धारित करने एवं ब्राह्मण विकास बोर्ड का गठन हेतू दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा से सनातन धर्म पुरोहित मंडल के अनेक सदस्यों ने संरक्षक पंडित तिलक राज शर्मा के मार्गदर्शन में उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर सनातन धर्म पुरोहित मंडल द्वारा पुरोहितों का मानदेय निर्धारित करने एवं ब्राह्मण विकास बोर्ड का गठन शीघ्र करवाने हेतु ज्ञापन भी दिया गया। राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही इस विषय पर सरकार से चर्चा करेंगे। वर्ष 2022 में करनाल के ब्राह्मण सम्मेलन में तत्कालीन सीएम मनोहर लाल खट्टर द्वारा पुरोहितों का मानदेय निर्धारित करने बारे घोषणा की गई थी। इस बारे कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि वे मुख्यमंत्री से मिलकर इसे पूरा करवाएंगे। इस अवसर पर मंडल के सदस्य पंडित अमित कालिया, पंडित दिनेश शर्मा, पंडित रामरतन, संजीव शर्मा जंडली भी उपस्थित रहे।


अंबाला। सांसद कार्तिकेय शर्मा को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए सनातन धर्म पुरोहित मंडल के सदस्य। फोटोः हरिभूमि

### सांसद को दिया आमंत्रण

सनातन धर्म पुरोहित मंडल के प्रधान संजीव मौदगिल ने 20 अप्रैल 2025 दिन रविवार के लिए कार्तिकेय शर्मा को अंबाला में रखे गए कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। इसमें सनातन धर्म पुरोहित मंडल की तरफ से उनको सम्मानित किया जाएगा। मौदगिल ने यह भी बताया कि 23 मार्च को सनातन धर्म पुरोहित मंडल की विशेष बैठक रखी गई है जिसमें 20 अप्रैल को होने वाले इस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जाएगी। ब्राह्मणों से एकजुट होने का आह्वान किया जाएगा।

## 24 युवाओं ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

- सामाजिक संस्था उम्मीद फाउंडेशन ने निभाई शिविर में अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

रविवार को हुसैनी के पूर्व सरपंच परमाल सिंह की पहली पुण्यतिथि पर उम्मीद फाउंडेशन के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन जाट धर्मशाला में लगाया गया। मेडिकल कालेज सेक्टर 32 चंडीगढ़ की हेड डॉक्टर रंजीत कौर की देखरेख में इस रक्तदान शिविर का आयोजन किा गया। इस अवसर पर 124 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का मुख्यातिथि डीएसपी सूरज चावला द्वारा रिबन काट कर किया। इस मौके पर प्रधान गुरराज सिंह गिल ने डीएसपी सुरज चावला को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। डीएसपी सूरज चावला ने सभी को बढ़ चढ़ कर रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा की रक्तदान करने से शरीर में खून दोबारा बन जाता है शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं होती है। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी की जिंदगी बचा सकता है। गिल ने कहा कि संस्था द्वारा यह तीसरा रक्तदान कैंप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था सामाजिक कार्यों आयोजन करती रहती है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच रामकरण, अनिल कुमार, उदय रामगढ़, संजीव नेहरा,संदीप गिल, राजेश, सुरजीत मोमनपुर, रजनीश रत्तूवाला, प्रवीण सहगल, मंजीत सिंह, धर्मेंद्र हुसैनी भी मौजूद रहे।


नारायणगढ़। रक्तदान करते रक्तदाता। फोटोः हरिभूमि

## 67 लोगों की आंखें जांची

- शिविर के आयोजन में कपिल आई अस्पताल तथा माधव नेत्र बैंक ने सहयोग किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

श्री सनातन धर्म महावीर दल के तत्वाधान में रविवार को लगाए गए निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 67 नेत्र रोगियों ने अपने नेत्रों की विभिन्न बिमारियों की जांच करवाई। स्थानीय बजरंग भवन में लगाया गया यह शिविर कपिल आई अस्पताल तथा माधव नेत्र बैंक के सहयोग से लगाया गया। महावीर दल के महासचिव राजेश वर्मा ने बताया कि इस शिविर में कपिल आई अस्पताल अंबाला शहर से आई विशेषज्ञों की टीम ने लोगों की आंखों की बीमारियों की जांच की। उन्हें निशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। उन्हें चश्में के नंबर भी दिए गए। उन्होंने बताया कि हर महीने के तीसरे रविवार को संस्था द्वारा शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग अपनी आंखों की जांच करवाकर लाभ उठा रहे हैं। इस अवसर पर प्रधान प्रीतम लाल गुलाटी, उप प्रधान विनोद वर्मा,आदर्श गुप्ता, नरेश कुमार कोषाध्यक्ष, राजपाल धीमान, कैम्प ईंचार्ज सतीश अग्रवाल व मा.सोमनाथ शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



नारायणगढ़। कैंप में नेत्र रोगियों की जांच करते विशेषज्ञ। फोटोः हरिभूमि

त्रिदिवसीय होला महल्ला समागम का धूमधाम से हुआ समापन

# होला महल्ला खालसा पंथ की चढ़दी कला का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

डेरा संत बाबा दलजीत सिंह बराड़ा में तीन दिवसीय होला महल्ला समागम बड़ी धूमधाम व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। संत बाबा दलजीत सिंह ने संगत को होला महल्ला समागम की लख-लख बधाईयां दी व इसके इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि दशवें पातशाह गुरू गोबिंद सिंह महाराज ने होला महल्ला का आरम्भ आनंदपुर साहिब के किला होलगढ़ से किया था। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य गुरसिखों के भीतर फतेह के अनुभव को और अधिक दृढ़ करना था। उन्होंने कहा कि दशवें पातशाह खालसा को युद्ध विद्या में निपुण बनाना चाहते थे इसलिए उन्होंने होली के स्थान पर होला महल्ला की शुरूआत की। श्री आनंदपुर साहब में लाखों भक्तों की उपस्थिति में मनाया जाने वाला राष्ट्रीय त्यौहार होला महल्ला खालसा पंथ की चढ़दी कला का प्रतीक है। इससे पूर्व श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत श्री निशान साहिब की सेवा की गई। कीर्तन दरबार सजाए गए । इसमें महान रागी जत्थे भाई लखविंदर सिंह (शाहबाद वाले), बीबी मनप्रीत कौर खालसा (दिल्ली वाले) बीबी कमल गिल (दिल्ली वाले), भाई तजिंदर सिंह बराडा वाले, बाबा दलजीत सिंह (बराडे वाले), ढाडी जत्था भाई सुखदेव सिंह बेली (रोपड़ वाले), भाई सुखजिंदर सिंह (चंडीगढ़ वाले) संगत को कथा, कीर्तन व गुरु इतिहास सुनाकर निहाल किया।


बराड़ा। समागम में कीर्तन करते संत बाबा दलजीत सिंह एवं उपस्थित संगत।



### सांसद ने लिया अशीर्वाद

इस समागम में सांसद वरूण चौधरी ने भी पहुंचकर दरबार साहिब का माथा टेका व आशीर्वाद लिया। बाबा दलजीत सिंह ने उन्हें भी सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया तथा कहा कि वरूण चौधरी के पिता फूलचंद मुलाना भी अक्सर इस समागम में उपस्थिति दर्ज करवाया करते थे। उनके सुपत्र वरूण चौधरी ने भी इस परंपरा को जारी रखा है। इस अवसर पर गुरू का लंगर अटूट बरताया गया।